View this email in your browser

शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

# बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ◆ Website : www.banswarapariyojana.com

माह - दिसंबर 2019 अंक -016

## भजन मण्डली सम्मेलन एवं सत्संग

भारत माता मंदिर प्रतिवर्ष गीता जयंती के पावन अवसर पर बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ एवं उदयपुर तथा मध्यप्रदेश के सीमान्त क्षेत्र के जनजाति समाज के लोगो के द्वारा विशाल भजन मण्डली सम्मेलन का आयोजन सन् 1993 से निरन्तर कर रहा है।
इस वर्ष 8 दिसम्बर को भजन मण्डली सम्मेलन एवं सत्संग आयोजित किया गया जिसमे दो राज्यों के 8 जिलों से 6 हजार जनजाति समाज के लोगो ने एकत्र हो , रात्रि भर भजन कीर्तन किया एवं प्रातः विश्व की मंगल कामना के साथ भजन मंडली का समापन किया। कार्यक्रम के आरम्भ मे विद्या निकेतन के भैया बहिनो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरान्त धर्म सभा का आयोजन हुआ जिसमे वि.हि.प. के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री जगन्नाथ जी शाही, श्री हरिशंकर जी शर्मा, रामस्वरूप जी महाराज तथा अनेको स्थानीय साधु संतो का मार्ग दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ।









**भजन मंडली कार्यक्रम में जनजाति बंधु**

वर्ष में एक बार बांसवाड़ा परियोजना में कार्यरत सारे कार्यकर्ताओं केदिशा बोध हेतु अखिल भारतीय अधिकारीयों का बौद्धिक एवं मार्गदर्शन का कार्यक्रम रहता है। इस वर्ष बांसवाड़ा परियोजना के कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन हेतु वि.हि.प. के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री जगन्नाथ जी शाही का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। श्री शाही के बौद्धिक के पश्चात् क्षेत्र में चल रहे कार्य की संपूर्ण समीक्षा हुई एवं आगामी वर्ष एवं विद्यालयीन सत्र मे कार्य विस्तार पर जोर दिया गया।



## विद्यालय भवन एवं प्रयोगशाला लोकार्पण

11 दिसंबर 2019 को बांसवाड़ा परियोजना द्वारा संचालित विद्यालय , विद्या निकेतन आबापुरा में विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन हुआ। इस प्रयोगशाला का निर्माण मुम्बई के दानदाता श्री पियूष भाई के सहयोग से हुआ। इस कार्यक्रम में जनजाति समाज के सैकडो जन उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के प्रारम्भ मे विद्या निकेतन के विद्यार्थियो ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।
इस अवसर पर मुम्बई से आए श्री होशंग ईरानी जी एवं श्री महर्षि जी दवे, परियोजना के मंत्री श्री सुरेश जी उपाध्याय एवं परियोजना प्रमुख श्री रामस्वरूप जी महाराज तथा समितियो के सम्मानित पदाधिकारी एवं बांसवाडा नगर के प्रबुद्धजन समेत प्रमुख व्यवसायी एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

Subscribe | Past Issues | Translate




उद्घाटन समारोह में उपस्थित श्री पियूष भाई , श्री होशंग ईरानी, श्री रामस्वरूप जी महाराज एवं श्री सुरेश उपाध्याय

*Copyright © *2019* *BANSWARA PARIYOJANA*, All rights reserved.*

**Our mailing address is:**
*BHARATMATAMANDIRNYAS@GMAIL.COM*

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

Subscribe Past Issues Translate

*why did I get this?* unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India

INTUIT mailchimp